# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर–273009

## तकनीकी बिड
## 44वें दीक्षान्त समारोह के स्वर्णपदक के आपूर्ति हेतु

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | फर्म के रजिस्ट्रेशन का विवरण एवं अभिलेख | : | सं. :...................................................... |
| 2. | अर्नेस्ट मनी रू0 20,000.00 जमा का विवरण | : | बैंक ड्राफ्ट सं0................दिनांक ..............<br>बैंक का नाम ..................धनराशि........... |
| 3. | जी0एस0टी0 / प्रमाण पत्र | : | संलग्न पेज सं0.......... |
| 4. | गत 3 वर्षो का आयकर विवरण | : | संलग्न पेज सं0.......... |
| 5. | पैन नं0................. | : | संलग्न पेज सं0.......... |
| 6. | फर्म का 3 वर्ष का औसत वार्षिक टर्नओवर | : | रू0 30,00,000.00 |
| 7. | फर्म को शासकीय / अर्द्धशासकीय / विश्वविद्यालय में सम्बन्धित कार्य को करने का अनुभव | : | न्यूनतम 3 वर्ष |
| 8. | फर्म का पता तथा फोन नं0.................................................... | : | |

नोट :– यदि उपरोक्तानुसार प्रस्तुत नहीं दे तो फर्म उत्तरदायी होगी। निविदा का आदेश निरस्त किया जा सकता है।

**फर्म का हस्ताक्षर**

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
# गोरखपुर–273009

## 44वें दीक्षान्त समारोह हेतु स्वर्ण पदक के आपूर्ति का मानक एवं शर्ते

1. 44वें दीक्षान्त समारोह हेतु स्वर्ण पदक/स्मृति स्वर्ण पदक आपूर्ति के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. निविदादाता को फर्म का जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र, फर्म का 3 वर्ष का आयकर सम्बन्धी प्रमाण पत्र तथा फर्म का पैन संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. विड दो भागो में तकनीकी विड एवं फाइनेंशियल विड में दिया जाना है।
4. निविदादाता को 20,000.00 (बीस हजार मात्र) की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट, वित्त अधिकारी दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के नाम मूलरूप में अर्नेस्ट मनी (सुरक्षा धनराशि) के रूप में लेखन सामग्री अनुभाग में जमा कराना होगा। स्वीकृत फर्म को कार्यादेश निर्गत करने के उपरान्त अस्वीकृत निविदादाताओं की अर्नेस्ट मनी वापस करने की कार्यवाही की जायेगी।
5. अर्नेस्ट मनी जमा नही होने की दशा में फाइनेंशियल विड नही खोली जायेगी।
6. निविदा सम्बन्धी प्रपत्र स्पष्ट/साफ तथा पठनीय होनी चाहिए।
7. स्वर्ण पदक/स्मृति स्वर्ण पदक की दरें प्रति अदद में दी जानी चाहिए। स्वर्ण पदक की दरें उसी क्रम में दी जांय जिस क्रम में निविदा में अंकित है। निश्चित क्रम में न देने पर निविदा अस्वीकृत कर दी जायेगी।
8. यदि फर्म द्वारा आदेशित मात्रा में स्वर्ण पदक/स्मृति स्वर्ण पदक की आपूर्ति संतोषजनक एवं समय से नही की जाती है तो आपूर्तिकर्ता फर्म की जमानत धनराशि जब्त की कर ली जायेगी तथा भविष्य में ऐसे फर्म को काली सूची में डालते हुए किसी भी प्रकार की निविदाओं में प्रतिभाग पर विचार नही किया जायेगा।
9. स्वर्ण पदक/स्मृति स्वर्ण पदक का आपूर्ति स्थल लेखन सामग्री अनुभाग दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर होगा।
10. स्वर्ण पदक/स्मृति स्वर्ण पदक आदेशानुसार संलग्न 'क' नमूने के अनुसार ही तैयार करना होगा।
11. स्वर्ण पदक/स्मृति स्वर्ण पदक का नमूना लेखन सामग्री अनुभाग में कार्यालय अवधि के दौरान देखा जा सकता है।
12. स्वर्ण पदक/स्मृति स्वर्ण पदक की संख्या विश्वविद्यालय की आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है, जो फर्म को स्वीकार करना होगा।
13. आपूर्तिकर्ता फर्म के बीजक से नियमानुसार आयकर, जी0एस0टी0 व अन्य सभी देय करो की नियमानुसार कटौती की जायेगी।
14. सफल निविदादाता को कार्यादेश प्राप्त होने के एक सप्ताह के अन्दर रू0 100 मूल्य के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना आवश्यक होगा। यह अनुबन्ध आपूर्तिकर्ता फर्म एवं वित्त अधिकारी दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के मध्य होगा। ऐसा न करने पर निविदादाता द्वारा जमा की गयी अर्नेस्ट मनी जब्त की कर ली जायेगी। अन्य कार्य हेतु विश्वविद्यालय में जमा जमानत धनराशि इस निविदा हेतु मान्य नही होगी।

# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर–273009

15. कुलपति को बिना कारण बताये विश्वविद्यालय हित में किसी शर्त को शिथिल करने का अधिकार होगा, एवं निविदा के किसी अंश अथवा सम्पूर्ण निविदा को निरस्त करने का भी अधिकार होगा।
16. यदि निविदादाता द्वारा कोई भी शर्त अपने तरफ से लगायी जाती है तो उसे स्वीकार नही किया जायेगा।
17. निविदा की शर्तो को निविदादाता के हस्ताक्षर के पश्चात् निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
18. यह अनुबन्ध तिथि से 1 वर्ष अवधि के लिए प्रभावी रहेगा।
19. कार्यादेश में निर्धारित तिथि के अन्दर सामग्री की आपूर्ति न होने पर विश्वविद्यालय कार्य की तात्कालिक आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में सामग्री की आपूर्ति द्वितीय न्यूनतम निविदादाता फर्म से उक्त सामग्री की आपूर्ति सम्भव होगा तो लेगा। यदि सम्भव नही हुआ तो अन्य निविदादाता से सामग्री क्रय किया जायेगा और इस प्रकार अधिक व्यय की वसूली **L-1** फर्म से किया जायेगा। फर्म को भविष्य के लिए काली सूची में अंकित कर दिया जायेगा।
20. वे फर्म जो विश्वविद्यालय द्वारा काली सूची में है निविदा भरने के लिए अर्ह नही है। फर्म के काली सूची में न होने का प्रमाण पत्र रू0 100 के स्टाम्प पेपर पर करना होगा। काली सूची से सम्बन्ध रखने वाली फर्मे निविदा न भरें।
21. कार्यादेश में निर्धारित तिथि के अन्दर स्वीकृत दर मे निहित सामग्री की आपूर्ति विश्वविद्यालय तक करना होगा।
22. सफल निविदादाता को निविदा मूल्य के 10 प्रतिशत समतूल्य धनराशि की सिक्योरिटी मनी जो सावधि जमा रसीद या बैंक गारटी के रूप में होगा एवं वित्त अधिकारी दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के पक्ष में प्लेज होगा, जमा करना होगा।
23. फर्म को भुगतान के लिए गुणवत्ता सम्बन्धी टन्च/ग्राम का प्रमाण पत्र देना होगा। (शुद्धता प्रमाण पत्र)

विश्वविद्यालय द्वारा उक्त सभी शर्ते मुझे स्वीकार है, एवं उक्त सभी शर्तो पर मै निविदा में स्वर्ण पदको/स्मृति स्वर्ण पदको को आपूर्ति करने को तैयार हूं।

निविदाकर्ता का हस्ताक्षर .............................................

नाम .............................................................................

फर्म की मुहर ...............................................................

मोबाईल नं0 .................................................................